आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 06.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में आज किया गया संकुल स्तरीय पालक–शिक्षक सम्मेलन का आयोजन–मुख्यमंत्री जशपुर के बंदरचुआं में आयोजित सम्मेलन में हुए शामिल।

2– रेल मंत्रालय द्वारा बिलासपुर, अनूपपुर और इतवारी रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

3– दुर्ग जिले के भिलाई–खुर्सीपार क्षेत्र में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने महादेव सट्टा ऐप का पैनल चलाने वाले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार।

4– मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी।

पालक–शिक्षक सम्मेलन

प्रदेश के सभी शासकीय विद्यालयों में आज संकुल स्तरीय पालक–शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जशपुर जिले के बंदरचुआं के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित संकुल स्तरीय पालक–शिक्षक सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की अच्छी शिक्षा और इनके उन्नत भविष्य के लिए यह आवश्यक है कि अभिभावक, शिक्षकों से नियमित रूप से संवाद करें। जितना अधिक शिक्षक और अभिभावक के बीच संवाद होगा, उतना ही बच्चों का रचनात्मक विकास होगा। उन्होंने पालकों तथा शिक्षकों से कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें बेझिझक बोलने के लिए तैयार करें। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षकों से चर्चा की। स्कूल में बच्चों ने प्रदर्शनी भी लगाई थी, जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री ने किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने शिक्षा डिजिटल ऐप के संदर्भ में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। बच्चों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें पढ़ाई के साथ खेल और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी शामिल होने की सलाह दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बंदरचुंआ में सर्व–सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की। साथ ही उन्होंने प्राथमिक शाला बंदरचुंआ से छेराघोघरा चौक तक सड़क किनारे सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने, भुइयार बस्ती से सरना पहुंच मार्ग में सड़क और पुल का निर्माण, आश्रम छात्रावास को पचास से से सौ सीटर करने और बंदरचुंआ में मिनी स्टेडियम बनाने का भी ऐलान किया।

मुख्यमंत्री–जशपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत जशपुर जिले के बंदरचुंआ में आज महतारी वंदन योजना की हितग्राही नीलम टोप्पो को
अभियान का दो लाखवां पौधा सौंपा। साथ ही उन्होंने अभियान के तहत जिले में चलाए जा रहे पौधा वितरण अभियान के हितग्राहियों को प्रमाण–पत्र भी वितरित किया। गौरतलब है कि जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री ने पिछले महीने चौदह जुलाई को दुलदुला से की थी, जिसमें पौधा वितरण की संख्या दो लाख हो चुकी है।

रेलवे–जनऔषधि केन्द्र

रेल मंत्रालय द्वारा बिलासपुर, अनूपपुर और इतवारी रेलवे स्टेशनों पर प्रधानमंत्री जन भारतीय जनऔषधि केंद्रों की स्थापना की जाएगी। इससे पहले, प्रथम पायलट प्रोजेक्ट के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नैला, पेन्ड्रा रोड, नागभीड़ और नैनपुर स्टेशनों में जनऔषधि केंद्र की सुविधा शुरू की जा चुकी है। जनऔषधि केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य लोगों को किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है।

दीक्षांत समारोह

दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह कल सात अगस्त को आयोजित किया जाएगा। समारोह में अड़सठ शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि और अड़तालीस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इससे पहले, आज भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सभागार में रिहर्सल किया गया। इसमें विश्वविद्यालय की कुलपति डॉक्टर अरूणा पल्टा सहित विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद और विद्यापरिषद के सदस्य, पीएचडी उपाधि और स्वर्ण पदक से सम्मानित होने वाले छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। दीक्षांत समारोह के दौरान इन सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित ड्रेस कोड में दीक्षांत शोभायात्रा में शामिल होना होगा। शोभायात्रा में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

दीक्षारंभ कार्यक्रम

मुंगेली के शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक पुन्नूलाल मोहले शामिल हुए। दीक्षारंभ समारोह में प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में प्रोफेसर बी.के. उपाध्याय ने विस्तार से चर्चा की। वहीं, मास्टर ट्रेनर ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में किस तरह पाठयक्रम क्रेडिट और चॉइस बेस्ड होगा। कार्यक्रम में बी.ए. और बी.कॉम. के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

वहीं, बलरामपुर के शासकीय महाविद्यालय और नवीन कन्या महाविद्यालय के सभी संकायों के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य एन.के. देवांगन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के प्रावधान और उद्देश्य की जानकारी दी।

उधर, नारायणपुर के शासकीय आदर्श महिला महाविद्यालय में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में कुम्हारपारा की पार्षद प्रमिला प्रधान और सहायक अध्यापक राजेंद्र कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में नवागंतुक छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

महोदव सट्टा ऐप–आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग जिले के भिलाई–खुर्सीपार क्षेत्र में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने महादेव सट्टा ऐप का पैनल चलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए रायपुर लाया गया है। इससे पहले, कल एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने खुर्सीपार के बंगाली मोहल्ला निवासी इन दोनों आरोपियों के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार किया था। गौरतलब है कि महादेव सट्टा ऐप मामले में शामिल आरोपियों के खिलाफ एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम प्रदेशभर में छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। इसके लिए सोलह टीमों का गठन किया गया है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक मानसून द्रोणिका सीकर और ग्वालियर से होती हुई पुरूलिया और उसके बाद पूर्व–मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तारित है। इसके असर से मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

इस बीच, आज दोपहर बाद राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई इलाकों में गरज–चमक के साथ तेज बारिश का दौर जारी है।

जंगी प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने आज इंद्रावती भवन से मंत्रालय तक मशाल चेतना रैली निकाली। रैली में प्रदेश के सभी संभाग, जिला और ब्लॉक के प्रभारी, संयोजक, पदाधिकारी तथा प्रतिनिधियों ने मंत्रालय ने सामने "झन कर इनकार हमर सुनव सरकार" आंदोलन के प्रथम चरण में प्रदर्शन किया।

गौरतलब है कि फेडरेशन ने विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। इसके अंतर्गत दूसरे चरण में बीस से तीस अगस्त तक सांसदों और विधायकों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

केंद्रीय मंत्री–मुलाकात

आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय जनजाति कार्य मंत्री जुएल उरांव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री उरांव से छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जाति–जनजाति सहित कमजोर और पिछड़े वर्गों के विकास के संबंध में चर्चा की। श्री नेताम ने केन्द्रीय मंत्री से प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष दो हजार बाईस–तेईस की शेष राशि जारी करने का अनुरोध किया। वहीं, उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा के लिए पचपन करोड़ चौदह लाख रूपए से अधिक की राशि के प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करने का भी आग्रह किया। श्री नेताम ने केंद्रीय मंत्री को बस्तर के पांच जिलों में चलाए जा रहे नियद नेल्लानार योजना और प्रधानमंत्री जन–मन योजना की प्रगति की भी जानकारी दी।

वहीं, वन मंत्री केदार कश्यप ने भी आज नई दिल्ली में केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव से भेंटकर राज्य की विभिन्न जनजातीय विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि राज्य में जनजातियों के संरक्षण और उनके उत्थान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य मंत्री–बैठक

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में सीजीएमएससी संचालक मंडल की अड़तालीसवीं बैठक हुई। बैठक में जेम पोर्टल से उपकरण, कंज्यूमेबल और रीएजेंट की खरीदी करने का निर्णय लिया गया। वहीं, वर्तमान प्रचलित अनुबंध दर को निरस्त किया गया। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने आवश्यक निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति और नये कार्यों की जानकारी भी ली।

ट्रांसजेंडर कार्यक्रम

रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय में कल राज्य स्तरीय ट्रांसजेंडर सांस्कृतिक संध्या 'सांझ–छह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति और पुरातत्व विभाग तथा छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में तृतीय लिंग समुदाय के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में जहां समाज में व्याप्त दहेज की कुरीतियों से संबंधित संगीतमय नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। वहीं, ट्रांसजेंडर युवाओं ने रैंप पर फैशन शो भी किया। कार्यक्रम के अंत में समुदाय के वरिष्ठ लोगों द्वारा सभी कलाकारों का सम्मान किया गया।

बैडमिंटन/शतरंज–प्रतियोगिता

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही पुलिस द्वारा 'पुलिस फिट–कॉप फिट सिटी' कार्यक्रम के तहत आज से ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू हुई। इस स्पर्धा का शुभारंभ कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया। आठ अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कोरिया, अंबिकापुर, सूरजपुर, मुंगेली, बिलासपुर, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही और मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के लगभग सौ खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा रायपुर में नौ और दस अगस्त को शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगता में केन्द्र सरकार के सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक कल सुबह ग्यारह बजे मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में होगी।

– राज्यपाल रमेन डेका से आज नई दिल्ली में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने सौजन्य मुलाकात की।

– जांजगीर–चांपा जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में जेल ले जाते समय एक आरोपी फरार हो गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक सोमनाथ कैवर्त को सस्पेंड कर दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के कुरमा गांव में सर्पदंश से ढाई साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

– दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती शाम सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। वहीं, घायल युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

– बालोद पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों रूपये के सोने और चांदी के जेवरात के साथ ही करीब साढ़े तेईस हजार रूपये नगद बरामद किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>